आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 31.12.2024 समय 1305

मुख्य समाचार :–

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा– आने वाले साल में भारत गगनयान मिशन के अंतर्गत महिला रोबोट को अंतरिक्ष में भेजने के लिए तैयार।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नववर्ष पर पर्यटकों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड नए साल के जश्न के लिए तैयार, बड़ी संख्या में पर्यटकों के आगमन से पर्यटन स्थल हुए गुलजार। व्यापारियों मे उत्साह।
- और, प्रदेश में संचालित शीतकालीन चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह, अबतक 15 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

केन्द्रीय परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि वर्ष 2024 भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा है। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 का पहला दिन एक्सपोसैट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ, और फिर आदित्य एल वन मिशन को उसकी लक्षित हेलो कक्षा में स्थापित किया गया। इसके बाद अगस्त में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया और कल इसरो द्वारा स्पैडेक्स मिशन शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गगनयान मिशन के लिए भी कई परीक्षण हुए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि परीक्षण लगभग पूरे हो चुके हैं और अगले वर्ष किसी भी समय एक महिला रोबोट के साथ इसकी ड्रेस रिहर्सल होगी। श्री सिंह ने कहा कि डॉकिंग तकनीक के लिए स्पैडेक्स मिशन भारत द्वारा किए गए पहले प्रयोगों में से एक है। अंतरिक्ष डॉकिंग प्रणाली का उपयोग गगनयान और भारत के अंतरिक्ष स्टेशन कार्यक्रम के बाद के चरणों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र के अनुरूप है। डॉ. सिंह ने स्पैडेक्स मिशन की सफलता से एक बार फिर देश को गौरवान्वित करने के लिए टीम इसरो को बधाई दी। इससे पहले, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल रात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पेडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया।

सीएम नव वर्ष

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नववर्ष के अवसर पर पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर राज्य की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। देहरादून में आज आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नववर्ष पर पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने पर जोर दिया।

श्री धामी ने जरूरत पड़ने पर व्यस्ततम क्षेत्रों में पुलिस और यातयात कर्मियों की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने अप्रिय घटना की स्थिति में अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखे जाने के साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

नव वर्ष

उत्तराखंड नए साल के जश्न के लिए पूरी तरह तैयार है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, शांत वातावरण और घने जंगल पर्यटकों को देवभूमि की ओर आकर्षित करते हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारी उत्साहित हैं। देवभूमि उत्तराखंड में नये साल के जश्न को मनाने के लिये पर्यटकों के पहुंचने का क्रम जारी है। खासतौर पर पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के बाद पर्यटकों का आना और भी बढ़ गया है। राज्य के प्रमुख हिल स्टेशनों जैसे नैनीताल, मसूरी, धनोल्टी, औली, टिहरी और अल्मोड़ा में सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है, जो नये साल का स्वागत करने के लिए यहां पहुंचे हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पर्यटकों के आगमन से उनके व्यापार में तेजी आई है और नये साल के मौके पर इस गतिविधि से आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। इस बीच, प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े उपाय किए हैं। मसूरी में विशेष यातायात योजना लागू की गई है, ताकि पर्यटकों की संख्या के हिसाब से पार्किंग और यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चले। नैनीताल जिले में भी नये साल के मौके पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। आज सुबह 9 बजे से कल रात 10 बजे तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ताकि रास्तों पर किसी तरह की असुविधा न हो।

नव वर्ष की शुभकामनाएं

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने नव वर्ष पर प्रदेश के समग्र विकास और प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाली व सुख–समृद्धि की कामना की है। उन्होंने प्रदेशवासियों से नई सोच, ऊर्जा और आशा के साथ 'देवभूमि' उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने 2024 को उत्तराखण्ड के विकास और सामूहिक प्रयासों का वर्ष बताया और कहा कि इस वर्ष राज्य ने प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

राजाजी टाइगर रिजर्व

नए साल के मौके पर तीर्थ नगरी हरिद्वार में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है। होटल और धर्मशालाएं यात्रियों से पूरी तरह पैक हैं। वहीं, जंगलों में जानवरों को देखने के लिए पर्यटकों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। इसे देखते हुए राजाजी टाइगर रिजर्व प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। प्रशासन ने जंगलों में गश्त बढ़ा दी है और शिकार की घटनाओं को रोकने के लिए ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। टाइगर रिजर्व के वन्यजीव प्रतिपालक अजय लिंगवाल ने बताया कि नए साल के मद्देनजर राजाजी टाइगर रिजर्व में अवांछनीय तत्वों खासकर शिकारियों की घुसपैठ को रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

मशाल यात्रा

38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार के लिए शुरू की गई ''मशाल यात्रा तेजश्वनी'' और शुभंकर का आज चंपावत में भव्य स्वागत किया गया। मशाल यात्रा बनबसा से टनकपुर होते हुए चम्पावत पहुंची है। मशाल यात्रा के मुख्य पड़ावों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय खेल के प्रति अपना समर्थन दिया। जिलाधिकारी नवनीत  पाण्डेय ने बताया कि यह गौरव का विषय है कि इस बार उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिह बिष्ट ने कहा कि मशाल यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय खेलो का प्रचार कर लोगों को खेलों के प्रति जागरूक करना है।

शीतकालीन यात्रा

कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बावजूद प्रदेश में संचालित शीतकालीन चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। अब तक पंद्रह हजार तीन सौ चौदह तीर्थयात्री चारों धामों के शीतकालीन गद्दीस्थलों की यात्रा कर चुके हैं। मंदिर प्रशासन के अनुसार अब तक सबसे ज्यादा छह हजार चार सौ बयासी श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंच चुके हैं। जबकि पांच हजार एक सौ चार तीर्थयात्री पांडुकेश्वर में भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर चुके हैं। तीन हजार एक सौ चौदह तीर्थयात्रियों ने गंगोत्री धाम के गद्दीस्थल मुखबा में मां गंगा और छह सौ चौदह तीर्थयात्रियों ने यमुनोत्री धाम के गद्दीस्थल खरसाली में मां यमुना की पूजा–अर्चना की है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री

पुष्कर सिंह धामी ने आठ दिसंबर को पंच केदार के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में पंच केदार शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया था।

## परिवहन सेवा

प्रदेश सरकार ने पहाड़ों पर नए बसों के संचालन के लिए बजट जारी कर दिया है। ये जानकारी देते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम की प्रबंध निदेशक रीना जोशी ने बताया कि बजट से जल्द ही सौ नई बसें खरीदी जाएंगी। उन्होंने बताया कि विभाग बीते छह महीने में एक सौ साठ नई बसें पहले ही खरीद चुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली मार्ग पर आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए भी परिवहन निगम बसों की व्यवस्था करने में जुटा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर परिवहन निगम की जर्जर बसों को अब पहाड़ पर नहीं चलाया जाएगा।

## चौपाल आयोजन

रुद्रप्रयाग जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत नाग में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रति लाल शाह की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने चौपाल में पेयजल, सड़क, आवास, बिजली समेत 32 समस्याएं दर्ज कराईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसी उद्देश्य से ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

## भारतीय रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और सकल गैर–निष्पादित परिसंपत्तियाँ– जीएनपीए सितंबर 2024 में कुल अग्रिम के 2 दशमलव छह प्रतिशत तक कम हो गई है। यह पिछले 12 वर्षों में सबसे कम है। इस अवधि के दौरान शुद्ध एनपीए अनुपात लगभग शून्य दशमलव छह प्रतिशत रहा है।

## महाकुंभ मेला

महाकुंभ मेला 2025 के दौरान तीन हजार विशेष रेलगाडियां चलाई जाएंगी। जिनमें से 560 रेलगाडियां प्रयागराज में बनाए रिंग रेल मार्ग पर चलेंगी। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में होगा।